**B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION**
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**TERM-1_EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (085)**

| | |
|---|---|
| Class: V | Duration : 3.00 Hrs |
| Date : 17-09-2025 | Max. Marks: 80 |
| Admission No.: | Roll No.: |

---

सामान्यनिर्देशाः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 23 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

| प्रश्नपत्रस्वरूपम् - | |
|---|---|
| भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्याकरण | 17 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 24 अङ्क |
| भाग 'घ' : पत्र लेखन | 25 अङ्क |

---

## खंड क (अपठित बोध )

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

एक समय की बात है, एक जंगल में एक चालाक लोमड़ी और एक भोला-भाला खरगोश रहते थे। लोमड़ी हमेशा खरगोश को तंग करती थी और उसे बेवकूफ बनाती थी। एक दिन, लोमड़ी ने खरगोश से कहा, "मैं तुम्हें दौड़ने की चुनौती देती हूँ। जो पहले नदी के उस पार पहुँचेगा, वह जीतेगा।"

खरगोश, जो अपने भोलेपन के कारण लोमड़ी की चाल नहीं समझ पाया, दौड़ने के लिए तैयार हो गया। दौड़ शुरू हुई, और लोमड़ी तेज दौड़ने लगी। खरगोश पीछे रह गया। रास्ते में, लोमड़ी ने सोचा, "खरगोश तो बहुत पीछे है, मैं थोड़ा आराम कर लेती हूँ।"

लोमड़ी एक पेड़ के नीचे सो गई। खरगोश, जो धीरे-धीरे चल रहा था, उसने लोमड़ी को सोते हुए देखा। उसने सोचा, "लोमड़ी तो सो रही है, यह तो अच्छा मौका है।" खरगोश ने चुपचाप नदी पार की और जीत गया।

जब लोमड़ी जागी, तो उसने देखा कि खरगोश नदी के उस पार खड़ा है। वह बहुत हैरान हुई और गुस्से में खरगोश की ओर देखने लगी। खरगोश ने लोमड़ी से कहा, "देखा, धीरे और लगातार चलने वाला ही जीतता है।"

(i) उपरोक्त गद्यांश में किन दो जानवरों की चर्चा की गयी है? [1]

(a) हाथी -घोड़ा (b) शेर लोमड़ी
(c) खरगोश -लोमड़ी (d) दो बैल

(ii) खरगोश को दौड़ने की चुनौती किसने दिया? [1]

(a) हिरन (b) घोड़ा
(c) लोमड़ी (d) नीलगाय

(iii) लोमड़ी कहाँ  सो गयी ? [1]

(a) घर में (b) पेड़ के नीचे

(c) गुफा  में (d) सड़क के किनारे

(iv) लोमड़ी खरगोश से दौड़ क्यों हार गयी? [2]

(v)  इस कहानी से आपने क्या सीखा? [2]

प्रश्न. 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

क्रिकेट एक घर के बाहर खेला जाने वाला खेल हे जिसे खासतौर से बच्चे बहुत पसंद करते हैं और अपने युवा दिनों में एक अच्छा क्रिकेटर बनने का सपना देखते है। ये एक बड़े खुले मैदान में बल्ले और बॉल के इस्तेमाल से खेला जाता है। ये दो टीमों के मध्य खेला जाता है जिसमें 11-11 खिलाड़ी होते है। इसे एक 22 गज के लंबे आयताकार पिच के मैदान के एक केन्द्र में खेला जाता है। बल्लेबाजी करने के दौरान इसका इस्तेमाल बल्लेबाज रन लेने के लिये करता है और पारी के रुप में रन प्राप्त करने की कोशिश करता है।

दोनों टीमों में से एक टीम गेंदबाज और दूसरी टीम बल्लेबाज कहलाती है। बल्लेबाज का विकेट लेने के लिये गेंदबाज गेंद को बल्ले से दूर फेंकने का प्रयास करता है। एक बल्लेबाज़ तब तक बल्लेबाजी करता है जब तक वो कोई गलती करके आउट न हो जाए। जो कोई भी टीम बेटिंग शुरु करती है वो तब तक बैटिंग करती है जब तक कि उसके 10 बल्लेबाज आउट न हो जाए या 6 बॉल के ओवर के निश्चित संख्या पूरी न हो जाए।

(I) क्रिकेट कहाँ  खेला जाता है? [1]

(a) घर में (b) घर के बाहर

(c) वन में (d) नदी में

(II) क्रिकेट कितने खिलाड़ियों के बीच खेला जाता है? [1]

(a) 8 -8 (b) 9 -9

(c) 10 -10 (d) 11-11

(III) बल्लेबाज कब तक बल्लेबाजी करता है? [1]

(a) जब तक उसका मन हो (b) जब तक वह आउट न हो

(c) जब तक थक न जाए (d) जब जब वह भाग न जाए

(IV) क्रिकेट के खेल में एक टीम कब तक बैटिंग कर सकती है? [2]

(V) गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए कारण बताइए । [2]

<u>खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)</u>

प्रश्न.3  भाषा और व्याकरण  पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो) [2]

(i) भाषा के कितने प्रकार हैं?

(ii) हिंदी भाषा की लिपि का नाम बताइए |

(iii) भारत देश में बोली जाने वाली किन्हीं दो भाषओं के नाम लिखिए |

(iv) स्वर के कितने प्रकार हैं?

प्रश्न.4 संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन) [3]

(i) कालिदास संस्कृत के महान कवि थे| (वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा बताइए )

(ii) सर्वनाम के कितने प्रकार है?

(iii) खिड़की का काँच ------तोड़ा है? (सही सर्वनाम शब्द भरिए)

(iv) अंगूर मीठे हैं | (वाक्य में विशेषण शब्द बताइए )

प्रश्न.5 नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (कोई दो) [1]

(i) फूल (ii) असली (iii) उचित

प्रश्न.6 नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (कोई दो) [1]

(i) आकाश (ii) पानी (iii) पृथ्वी

प्रश्न.7 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित कारक चिह्नों से कीजिए:- (कोई दो) [2]

(i) आकाश ------ तारे चमक रहे हैं |

(ii) कविता ------ पाठ याद कर लिया |

(iii) पेड़ से पत्ते गिरते हैं | (कारक का भेद बताइए)

प्रश्न.8 विराम -चिह्नों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- :- (कोई एक) [1]

(i) तुम कहाँ जा रहे हो ( सही विराम -चिह्न लगाइए )

(ii) वाह कितना सुन्दर चित्र है| ( सही विराम -चिह्न लगाइए )

प्रश्न.9 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [2]

(i) असत्य में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए |

(ii) सुगंध में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए|

(iii) स्वदेशी शब्द में प्रत्यय शब्द बताइए|

प्रश्न.10 क्रिया और काल पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [2]

(i) तुम क्या कर रहे हो ? वाक्य में क्रिया बताइए |

(ii) आकाश में बादल गरज रहे थे| | (काल का नाम लिखिए)

(iii) बंदर आम खा रहा है | (काल का नाम लिखिए)

प्रश्न.11 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [2]

(i) दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए - बालक , राजकुमार

(ii) दिए गए शब्दों वचन बदलिए - कमरा , झरना

प्रश्न.12 दिए गए शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (कोई एक) [1]

(i) भीख माँगने वाला

(ii) जो कभी न मरे

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

प्रश्न.13 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

रविवार का दिन था | पापा समाचार पत्र पढ़ रहे थे | मम्मी सुबह चाय का आनंद ले रही थीं | अंशिका और अमन छत पर पतंग उड़ा रहे थे | अचानक उनकी पतंग की डोर से उलझकर नन्हा - सा कबूतर नीचे आ गिरा | तेज़ आवाज से दोनों चौंक गए | दोनों ने पास जाकर देखा तो बेहोश था | उसकी गरदन में घाव हो गया था | पंख टूटकर इधर-उधर गिर गए थे | उसके पंजों में भी बुरी तरह चोट लगी थी | माँ ने घायल कबूतर को उठाया |उसे रुई के फाहों में रखा और पानी के छींटे डाले | इससे कबूतर को थोड़ा आराम मिला |

(i) पापा किस दिन समाचार पत्र पढ़ रहे थे?

(a) सोमवार (b) मंगलवार
(c) बुधवार (d) रविवार

(ii) अंशिका और अमन कहाँ टहल रहे थे?

(a) बगीचे में (b) नदी के किनारे
(c) छत में (d) खेत में

(iii) यहाँ पर किस पक्षी के घायल होने की बात की जा रही है?

(a) बाज (b) कोयल
(c) कौवा (d) कबूतर

(iv) कबूतर को उठाकर किसने पानी के छींटे डाले?

(a) पिता (b) माँ
(c) अंशिका (d) अमन

(v) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (B) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। फिर नीचे दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) पतंग उड़ाने से पक्षियों को कभी -कभी खतरा हो जाता है |

कारण (R) हमें पतंग उड़ाने में सावधानी रखनी चाहिए |

(a) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(b) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(c) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

प्रश्न.14 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [4]

(i) घर पहुँचकर संभव ने माँ से रोने का क्या कारण बताया ?

(ii) पक्षियों के ठीक होने पर क्या किया जाता है?

(iii) मालवीय जी महामना क्यों कहलाए?

(iv) सलीम विद्यालय जाने से क्यों झिझकता था?

प्रश्न.15 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक) [3]

(i) अनन्या ने सोनी की मदद कैसे की ?

(ii) अंकित की तीन विशेषताएँ बताइए |

प्रश्न.16 दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

उठो धरा के अमर सपूतों
पुनः नया निर्माण करो |
जन -जन के जीवन में
फिर से नई स्फूर्ति , नव प्राण भरो
नया प्रात है , नई बात है
नई किरण है ज्योति नई
युग -युग के मुरझे सुमनों में
नई -नई मुसकान भरो |

(i) कवि किसे उठने के लिए कह रहा है ?
(a) नेता (b) वकील
(c) शिक्षक (d) अमर सपूत

(ii) 'अमर' का क्या अर्थ है?
(a) आग (b) नदी
(c) लकड़ी (d) न मरने वाला

(iii) 'धरा' शब्द का क्या अर्थ है?
(a) सागर (b) पृथ्वी
(c) आकाश (d) पाताल

(iv) कवि मुरझाए फूलों में क्या भरना चाहता है?
(a) मुसकान (b) उदासी
(c) हवा (d) पानी

(v) इस कविता का नाम क्या है ?
(a) देशप्रेम (b) फूल
(c) ओस (d) उठो धरा के अमर सपूतों

प्रश्न.17 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [4]

(i) धन खो जाने पर उसे दोबारा कैसे पाया जा सकता है ?
(ii) कौन सी चीजे खो जाने के बाद भी मिल सकती हैं और कैसे ?
(iii) वृक्ष हमारे किस काम आते हैं ?

प्रश्न.18 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक) [3]

(i) समय पर काम करने से क्या -क्या लाभ होते हैं ?
(ii) पेड़ों के काटने से क्या -क्या नुकसान होते हैं ?

## <u>खंड घ</u> (लेखन- कौशल)

प्रश्न.19 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :- [5]

(i) किसान
(ii) राष्ट्रीय पक्षी मोर
(iii) मेरा मित्र

प्रश्न.20 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन या पत्र लिखिए:- [5]

(i) गुब्बारे (ii) पिचकारी

प्रश्न.21 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 शब्दों संवाद लिखिए :- [5]

(i) मॉल जाने के लिए पुत्र और पिता के बीच संवाद


(ii) डॉक्टर और रोगी के बीच संवाद

प्रश्न.22 निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर पत्र लिखिए :- [5]

(i) अपने मित्र को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए

(ii) अपने मामा जी के विवाह में शामिल होने के लिए प्रधानाचार्य से तीन दिनों का अवकाश माँगते हुए पत्र लिखिए |

प्रश्न.23 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए :- [5]



=================== सफलता के लिए शुभकामनाएँ ====================